पर्व

समाज में एकता, आस्था और प्रेम का संदेश देती है शिव बारात

# शिव के दरबार में सभी जीव समान हैं : जायसवाल





**नवभारत, वारासिवनी।** महाशिवरात्रि के अवसर पर वारासिवनी व रामपायली मे गाजे बाजे व तरह तरह की झांकीयो से युक्त शिव बारात निकाली गयी। जिसमे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल भी भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ एक बाराती के रूप मे शामिल हुये। दोनो जगह शिव बारात की भव्यता व विवाह मे जनसामान्य के भी उत्साह की उन्होने खुलकर सरहना भी की।

दोनो नगरो मे शिव बारात मे शामिल होकर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने प्रतिक्रिया मे कहा की महाशिवरात्रि पर भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य मिलन का उत्सव मनाया जाता है। साथ ही आध्यात्मिक आंनद और समाज को यह संदेश देना है की शिव के दरबार मे देव, दानव और सभी जीव समान है। यह बारात समाज मे एकता, आस्था और प्रेम का संदेश देने के साथ ही शिव जी का आर्शीवाद मिलने का प्रतिक भी है।

शाम के समय ही जागेश्वर शिव मंदिर से विशाल बारात शिव जी की सजीव झांकी के साथ निकाली गयी। इस बारात ने नगर भ्रमण के पश्चात पंचमुखी शिव मंदिर के प्रांगण मे पहुचकर भक्तो को अपनी भव्यता के कारण हर हर महादेव के जयकारे लगाने के लिये भी विवश कर दिया।

विवाह समारोह मे कान्हा ग्रुप सिवनी के प्रसिद्व कलाकारो ने संगीत के कार्यक्रम के माध्यम से एक से बढकर एक भजनो की प्रस्तुति देकर पुरे वातावरण को एक विशिष्ट धार्मिकता प्रदान करने का कार्य किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे दोनो मंदिरो की युवाओ टीम मे सर्वश्री श्रीराम सोहाने, वीरेन्द्र सोहाने, मयूर जायसवाल, शुभम सोहाने, ललित बाठिया, चिंटू रूसिया, छुटका खंडेलवाल, पंकज जैन, राहुल जैन, अनुराग जैन, लालू सोहाने, संजय रूसिया, युवराज चौहान, पूनम गौतम, संतोष बालसागडे, विशाल लोधे, मिश्रीलाल मरठे, एकनाथ बागरे, आशीष शुक्ला आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

इसी तरह रामपायली मे भी पंरपरा के अनुसार शिव मंदिर से निकली बारात ने नगर को भ्रमण कर विवाह स्थल पर पहुचने का कार्य किया। बारात मे शिव जी, काली माता जी सहित कांतारा फिल्म के देव की सजीव झांकी ने पुरे कार्यक्रम को ऐतिहासिक सफलता प्रदान की। कार्यक्रम को सफल बनाने मे महाकाल सेवा समिति, श्रीराम सेवा समिति सहित अन्य संगठनो के सर्वश्री प्रभात अग्रवाल, प्रंशात सिंह बैस, पवन राउत, हारून अली, निशुल पारधी, आकाश गजभीये, राहुल भौंडे, राहुल दमाहे, सोनू उइके, विशाल बारेवार, संजय सिंह परिहार आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

### वैदिक मंत्रो के बीच शिव व पार्वती का विवाह

वारासिवनी नगर मे पंरपरा के अनुसार इस साल भी प्रभू शिव व माता पार्वती का विवाह भव्य समारोह के साथ किया गया। जागेश्वर शिव मंदिर व पंचमुखी शिव मंदिर के इस संयूक्त आयोजन मे बाराती के रूप मे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के साथ प्रतिष्ठित नागरिकगण भी साक्षी बने। विवाह समारोह मे बकायदा भव्य साज सज्जा के साथ वैदिक मंत्रो के बीच शिव व पार्वती का विवाह भी सपंन्न हुआ।



# अधिवक्ता सुरक्षा कानून बनाने वकीलों ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, बैहर ।** राज्य अधिवक्ता परिषद के समर्थन में अधिवक्ता संघ बैहर ने कल प्रदेश के मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन भोपाल के नाम अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैहर को एक ज्ञापन सौंपा है ।

इस ज्ञापन के माध्यम से ये मांग की गई है कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा के संबंध में एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने हेतु लम्बे समय से अधिवक्तागणों द्वारा शासन से मांग की जा रही है। वर्तमान स्थिति में अधिवक्तागणों के साथ असुरक्षा की स्थिति उत्पन्न हो रही है एवं समय-समय पर अधिवक्तागणों के विरूद्ध आपराधिक घटनायें कारित हो रही हैं।

वर्तमान में जिला शिवपुरी की करेरा तहसील के अधिवक्ता संजय सक्सेना की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। ऐसी स्थिति में समस्त अधिवक्तागणों में अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर रोष व्याप्त है। राज्य अधिवक्ता परिषद के द्वारा दिनांक 15/02/2026 को परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि 15 दिनों के अन्दर अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जावे।

राज्य अधिवक्ता परिषद के समर्थन में अधिवक्ता संघ बैहर भी मुख्यमंत्री म0प्र0 शासन भोपाल से मांग करता है कि 15 दिन के अन्दर अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जावे। अन्यथा राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर म0प्र0 के निर्देशानुसार भविष्य में अधिवक्तागणों द्वारा अपनी मांग को लेकर और अधिक विरोध प्रदर्शित किया जावेगा।

अनुविभागीय अधिकारी बैहर अर्पित गुप्ता को ज्ञापन सौंपने के समय आर के चौहान अध्यक्ष अधिवक्ता संघ बैहर एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद गर्ग इनके साथ संघ के समस्त पदाधिकारी भी उपस्थित रहे ।



# ग्राम कुरेंडा में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर

### सामाजिक कुरीतियों पर जागरूकता का सशक्त अभियान

**नवभारत, परसवाड़ा ।** रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय परसवाड़ा के प्राचार्य डॉ. एल. एल. घोरमारे के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी डॉ. अरुण कुमार वैद्य के निर्देशन में ग्राम कुरेंडा में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का आयोजन उत्साहपूर्वक किया जा रहा है। निर्धारित कैलेंडर के अनुसार विद्यार्थियों द्वारा प्रतिदिन विविध सामाजिक, शैक्षिक एवं जागरूकता आधारित गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण समाज के साथ संवाद स्थापित कर सामाजिक चेतना को सुदृढ़ करना तथा विद्यार्थियों में सेवा, नेतृत्व और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है।

शिविर के क्रम में आयोजित बौद्धिक सत्र का विषय 'सामाजिक कुरीतियाँ' रहा, जिसने उपस्थित विद्यार्थियों और ग्रामीणों को गहन चिंतन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय से पधारे राजेन्द्र गणवीर, असिस्टेंट प्रोफेसर समाजशास्त्र एवं सुदर्शन वालोंडरे, ग्रंथपाल ने अपने विचार व्यक्त किए। दोनों वक्ताओं ने सामाजिक कुरीतियों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं मनोवैज्ञानिक आयामों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का वाहक बनने का आह्वान किया।

राजेन्द्र गणवीर ने अपने संबोधन में कहा कि सामाजिक कुरीतियाँ केवल परंपरा का हिस्सा नहीं, बल्कि समय-समय पर विकसित हुई वे प्रवृत्तियाँ हैं जो समाज के स्वस्थ विकास में बाधा उत्पन्न करती हैं। दहेज प्रथा, नशा, लैंगिक भेदभाव, अंधविश्वास, बाल विवाह और शिक्षा के प्रति उदासीनता जैसी समस्याएँ आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न रूपों में विद्यमान हैं। वहीं डॉ एल एल घोरमारे ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए केवल कानून पर्याप्त नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और नैतिक जागरूकता की आवश्यकता है।

उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल उद्देश्य 'स्वयं की पहचान समाज के माध्यम से' है। जब युवा समाज की समस्याओं को समझते हैं और समाधान में सहभागी बनते हैं, तभी वास्तविक राष्ट्र निर्माण संभव होता है। अपने संबोधन में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के छात्र ने रेखांकित किया कि शिक्षा का वास्तविक अर्थ केवल परीक्षा उत्तीर्ण करना नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है।

ग्रंथपाल सुदर्शन वालोंडरे ने अपने उद्बोधन में पुस्तकों और ज्ञान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सामाजिक कुरीतियों का उन्मूलन शिक्षा और जागरूकता से ही संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे पढ़ने की आदत विकसित करें और समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा दें। अपने संबोधन में डॉ अरुण कुमार वैद्य ने कहा कि अंधविश्वास और रूढ़िवादिता का मूल कारण ज्ञान का अभाव है। यदि युवा वर्ग तर्कशीलता अपनाए और वैज्ञानिक सोच विकसित करे, तो समाज में व्याप्त अनेक कुरीतियाँ स्वत: समाप्त हो सकती हैं।

## नि :शुल्क मृदा परीक्षण शिविर का आयोजन

**बालाघाट।** किसानों की सुविधा एवं बेहतर फसल उत्पादन को ध्यान में रखते हुए 17 फरवरी से 19 फरवरी तक नि:शुल्क मृदा परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर (ईफ्को) बालाघाट द्वारा संचालित मृदा परीक्षण वैन के माध्यम से आयोजित होगा। यह शिविर राणा हनुमान सिंह कृषि विज्ञान केंद्र बडगांव में आयोजित किया जाएगा, जहां किसान अपने खेत की मिट्टी का नमूना लेकर पहुंच सकते हैं। मौके पर ही हाथों-हाथ मिट्टी की जांच कर रिपोर्ट प्रदान की जाएगी। यह सुविधा पूर्णत: नि:शुल्क रहेगी।इस शिविर में विशेषज्ञों द्वारा मृदा परीक्षण के आधार पर किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग, फसल चयन तथा भूमि की उर्वरता बढ़ाने संबंधी महत्वपूर्ण सलाह भी दी जाएगी।

# यूथ गेम्स में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित



**नवभारत, बालाघाट।** खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने वाले एथलेटिक्स खिलाड़ियों का 16 फरवरी को कलेक्टर कार्यालय बालाघाट में सम्मान किया गया। कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा द्वारा प्रदेश के 'गोल्डन बॉय' रवि प्रकाश बिसेन सहित अन्य खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं मेडल पहनाकर शुभकामनाएं दी गईं। कलेक्टर श्री मीना ने यूथ गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने वाले इन युवा खिलाडियों को शुभकामना देते हुए कहा कि वे खेल के साथ अपनी पढाई पर भी ध्यान दे। उनकी इस सफलता से जिले के अन्य युवाओं को भी खेल के क्षेत्र में आगे आने की प्रेरणा मिलेगी।

भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स को मध्यप्रदेश का ओलंपिक कहा गया, जिसका स्लोगन 'मध्यप्रदेश की जय, हम सब की विजय' रहा। इस प्रतियोगिता में बालाघाट जिले के खिलाड़ियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। मराठा बूढ़ी, विकासखंड किरनापुर निवासी रवि प्रकाश बिसेन एवं उनकी टीम ने एथलेटिक्स के 110 मीटर हर्डल्स, 400 मीटर हर्डल्स और 4म100 मीटर रिले रेस में शानदार प्रदर्शन करते हुए बालाघाट के लिए तीन स्वर्ण पदक अर्जित किए। रिले रेस में रवि के साथ रविंद्र बिरनवार, देवेंद्र पारधी और निखिल अटरे शामिल रहे।

प्रतियोगिता में बालाघाट ने एथलेटिक्स मेडल टैली में प्रदेश के 55 जिलों में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा भाला फेंक स्पर्धा में प्रकाश मैरावी ने रजत पदक तथा नूपुर दशहरे ने कांस्य पदक हासिल किया। तीन स्वर्ण पदक जीतने वाले रवि प्रकाश बिसेन को बेस्ट एथलीट के रूप में राज्यपाल श्री मंगुभाई छगनभाई पटेल, खेल मंत्री श्री विश्वास सारंग एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संचालक श्री राकेश गुप्ता द्वारा रनर-अप ट्रॉफी प्रदान की गई। यह ट्रॉफी बालाघाट टीम के लिए गर्व का विषय रही।

सम्मान समारोह के दौरान खिलाड़ियों ने भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश के लिए पदक जीतने का संकल्प व्यक्त किया। इस उपलब्धि पर जिला एथलेटिक्स संघ अध्यक्ष नरेश धुवारे, जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा, प्रशिक्षक, कोच, खेल विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं खेल प्रेमियों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

# महाकाल सेना के नेतृत्व में किया गया भव्य देवी जागरण एवं अद्भुत झांकियों का संगम



**नवभारत, परसवाड़ा।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व पर महाकाल सेना उकवा द्वारा भव्य देवी जागरण का आयोजन किया गया जो शिव मंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना कर सूर्या ग्राउंड उकवा में बस्ती में भव्य देवी जागरण ऐव अद्भुत झाकियो का संगम रहा सर्वप्रथम गणेश वंदना के साथ देवी जागरण की सुरुवात हुई जिसने समस्त भक्तजनों का मन मोह लिया ऐव तत्पश्चात सूर्या ग्राउंड प्रांगण में माँ भवानी की आरती के बाद समापन किया गया एवं समिति की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया कार्यक्रम मे गुलशन आर्ट ग्रुप (गोंदिया), महावीर ट्रस ऐव लाइट (नागपुर) ऐव कीर्ति डेकोरेशन (उकवा) का बेजोड़ संगम रहा वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर ग्राम पंचायत उकवा सरपंच श्रीमती रामबती उइके ,उपसरपंच शिव शंकर तिवारी, ऐव विशिष्ट अतिथि के तौर पर पंच आरती भारद्वाज, प्रमिला मेशराम, रमेश कुमरे, संजना बरवै, मुकेश नीलमरकर, नरेंद्र दास मॉंगरे, जयशंकर यादव, निशार पांडे राहुल गिरी, ओम ईशान्य अग्रवाल ,संजू गुप्ता, सोनू नागेश्वर आदि उपस्थित थे।

## जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 18 फरवरी को

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में 18 फरवरी 2026 को प्रात: 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे समस्त कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बीएल उइके ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये है।

शिव विवाह

कोटेश्वर महादेव मंदिर परिसर में लोक-भक्ति गायन एवं नृत्य नाटिका की मनोहारी प्रस्तुतियां

# कोटेश्वर धाम में सजी कला और आस्था की भावमयी संध्या

**नवभारत, लांजी।** संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा जिले के लांजी स्थित कोटेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 'महादेव महोत्सव' का भव्य आयोजन किया गया। जिला प्रशासन बालाघाट के सहयोग से आयोजित इस सांस्कृतिक संध्या में शिव-शक्ति की विविध कलात्मक अभिव्यक्तियाँ एक मंच पर साकार हुईं। शिव विवाह से लेकर तांडव और मोक्ष तक की आध्यात्मिक यात्रा को लोक एवं शास्त्रीय प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत किया गया। पूरा मंदिर परिसर श्रद्धा, भक्ति और कला के सुरम्य संगम से आलोकित हो उठा।



कार्यक्रम की शुरुआत छतरपुर के लोकगायक श्री रामसिंह राय के मधुर लोकगायन से हुई। उन्होंने 'करवे सब की खबरिया कोटेश्वर बाबा भोलेनाथ जी...' से मंगलाचरण करते हुए वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। इसके बाद 'शिव शंकर दूल्हा बन आये, नोनी बनी बारात चलो देखने चलिए...' गीत के माध्यम से शिव विवाह की रम्य छटा का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया। 'दूल्हा आओ पैलू पैल बैल चढ़ के लांगुरिया...' और राई गीत 'कोटेश्वर महादेव आये शरण में तुम्हारी...' ने लोकजीवन की चंचलता और श्रद्धा का सुंदर समावेश किया। गारी गीत 'उठो रानी तनक तो झांक लो...' तथा 'मोरी सुनियो सुनैना के दामाद जी...' के माध्यम से विवाहोत्सव की पारंपरिक रस्मों और लोकहास्य की झलक दिखाई गई। अंतिम प्रस्तुति 'बन्ना जी देखे पेलू पैल बैल पर झूमत आवे जू...' के साथ संपन्न हुई, जिसने दर्शकों को उल्लास और भक्ति के भाव से भर दिया।

इसके पश्चात भोपाल की सुश्री वीथिका मिस्त्री एवं उनके दल ने ओडिसी नृत्य पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर शिव कथा को सजीव कर दिया। प्रस्तुति का आरंभ मंगलाचरण से हुआ, जिसमें लंकापति रावण द्वारा रचित शिव तांडव स्तोत्र 'जटाटवी गलज्जल प्रवाह पावितस्थले...' पर प्रभावशाली नृत्य संयोजन प्रस्तुत किया गया। इस रचना का निर्माण पद्मविभूषण गुरु केलुचरण महापात्र द्वारा तथा संगीत संयोजन पंडित भुवनेश्वर मिश्रा द्वारा किया गया है। एकताल में निबद्ध इस प्रस्तुति ने शिव के जटाजूट से प्रवाहित गंगा, मस्तक पर अर्धचंद्र और प्रचंड तांडव की छवि को प्रभावपूर्ण ढंग से उकेरा।

दूसरी प्रस्तुति 'बोटु' की रही, जो बटुकेश्वर भैरव को समर्पित शुद्ध नृत्य रचना है। इसमें ताल, लय और शारीरिक गतियों के माध्यम से मंदिर की मूर्तिकला और वाद्य यंत्रों की अभिव्यक्ति की गई। राग भूपाली और एकताल में निबद्ध इस प्रस्तुति ने ओडिसी नृत्य परंपरा की गंभीरता और सौंदर्य को प्रकट किया। नाट्यशास्त्र की परंपरा के अनुसार शिव द्वारा तांडु को प्रदान किए गए नृत्य तत्वों की झलक इसमें दृष्टिगोचर हुई। अंतिम प्रस्तुति 'मोक्ष' नृत्य की रही, जो देवी नारायणी स्वरूप पर आधारित थी। राग बागेश्री में प्रस्तुत इस नृत्य में साधना, समर्पण और ईश्वर में लीन होने की भावना को अभिव्यक्त किया गया। 'ध्येयते वर्णे वर्णिमां त्रिनेत्रे चारु हासिनीम्...' श्लोक पर आधारित इस प्रस्तुति ने दर्शकों को आध्यात्मिक चिंतन की अनुभूति कराई।

समारोह की अंतिम कड़ी में जबलपुर के गायक ईशान मिनोचा एवं उनके साथियों ने भक्ति गायन प्रस्तुत किया। गणेश वंदना से आरंभ हुई प्रस्तुति में 'महाकाल की बस्ती...', '?नम: शिवाय...', 'मेरा भोला है भंडारी...', 'भांग तेरी शिव नाथ जी...', 'भोले का दीवाना...' और 'उठा के कांवड़ चले रे कांवड़िये...' जैसे भजनों ने पूरे परिसर को शिवमय बना दिया। इस प्रकार कोटेश्वर धाम में आयोजित महादेव महोत्सव ने लोक परंपरा, शास्त्रीय नृत्य और भक्ति संगीत की त्रिवेणी के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक एकत्व का अद्भुत अनुभव कराया। कार्यक्रम ने न केवल कला के विविध आयामों को मंच प्रदान किया, बल्कि शिव भक्ति की गहन अनुभूति से समूचे वातावरण को आलोकित कर दिया।



# राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन शिविर का आयोजन

**नवभारत कटंगी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट के आदेश अनुसार व जिला कुष्ठ अधिकारी के निर्देशानुसार तथा खंड चिकित्सा अधिकारी कटंगी डॉ विनोद भलावी जी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत नेहरू लाल पारधी द्वारा 13 फरवरी 2026 सप्ताह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी में क्षमता एवं विकृति बचाव शिविर का आयोजन किया गया शिविर में 15 कुष्ठ रोगी को जल तेल उपचार एवं विकृति से बचाव हेतु आवश्यक व्यायाम सिखाए गये हाथ पैरों में सुनपन वाले रोगियों को एम सी आर सैंडल एवं टब दिए गये एवं जांच में आए संभावित रोगियों की कुष्ठ रोग की जांच की गई इस कार्यक्रम में डॉ दिनेश धाकड़ जवाहर जी बेसिन जानकी हरीनखेडे वानिस गेडाम सचिन अग्रवाल सत्यम राहंगडाले दशरथ भगत आर भलावी एवं जिला कुष्ठ कार्यालय से बैजनाथ राहंगडाले अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे नेहरू लाल पारधी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी आभार व्यक्त किया गया।


**न्यायालय नायब तहसीलदार किरनापुर, जिला बालाघाट म.प्र.**

रा.प्र.क्रं./0052/ड-154/ वर्ष 2025-26
साकिन:-मडकापार प.ह.नं. 36
रा.नि.मं. माटे तहसील किरनापुर

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सावित्री पति शिवकुमार सूर्यवंशी जाति गढेवाल निवासी वार्ड नं. 19 महर्षि स्कूल के पास ग्राम भटेरा जिला बालाघाट म.प्र. द्वारा अपनी नानी कारी सिल्हारे की मृत्यु दिनांक 10/06/1998 को ग्राम मडकापार में मृत्यु हो जाने से मत्यु के 1 वर्ष पश्चात पंजीयन की अनुमति मिलने हेतु लोकसेवा केन्द्र किरनापुर के माध्यम से आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अत: उक्त के संबंध में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है, कि वे निश्चित दिनांक 26/02/2026 को या तो स्वयं, किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधी द्वारा उपस्थित होकर कोई आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। नियत दिनांक के बाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेंगा। नियत दिनांक के पश्चात प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।

आज दिनांक 13/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के अधीन जारी किया गया।

मुद्रा | तहसीलदार किरनापुर